आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 05 जून, 2023
www.azadsipahi.in


## रक्तदान शिविर का आयोजन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन के द्वारा रविवार को ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया आपको बताते चलें कि इन दिनों रक्त की कमी को देखते हुए रक्तदान शिविर लगाया गया है। जहां 10 लोगों ने रक्तदान किया। जिनमे नेहा सेठी, सनी गुप्ता, पत्रकार प्रमोद खंडेलवाल, जया चौधरी, हर्ष जैन, हिमांशु पासवान ,सुबोध कुमार सिन्हा ,रवि भूषण कुमार व स्वेता सेठी ने रक्तदान किया। अध्यक्ष स्वेता जैन सेठी ने बताया कि संस्था के द्वारा यह दूसरी बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में खुशी मूनका, मंजू छाबड़ा, मीना तांबी, पूजा मूनका, अनीता विनायका, डॉ वेंकटेश, डॉ नीरज, चंद्रप्रकाश जैन, निर्मल गंगवाल, लकी छाबड़ा मौजूद थे।

# चौपारण में 16 हजार बोतल अवैध अंग्रेजी शराब जब्त, दो गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवददाता**

**हजारीबाग।** चौपारण थाना क्षेत्र के जीटी रोड से अवैध शराब लदा ट्रक को पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे और मद्य निषेध इकाई बिहार पटना द्वारा गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक ट्रक वाहन संख्या पीबी 13 बिएन-0352 पर अवैध रुप से अंग्रेजी शराब लोड कर तस्करी करने के नियत से हरियाणा से बिहार होते हुए झारखंड की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना पर एक टीम गठित किया गया। गठित टीम जीटी रोड पर उक्त गाडी का आने का इंतेजार कर रहा था। इसी क्रम में महुदी मोड़ के पास उक्त ट्रक आते दिखायी दिया, जिसे पुलिस बल द्वारा चेकिंग के लिये रुकने का ईशारा किया गया परन्तु पुलिस बल





को देखकर उक्त गाडी के चालक तेजी से गाडी को भगाने लगा, जिसे सरदारपुर के पास जीटी रोड पर पकड़ा गया। पकड़ाये ट्रक का जांच किया गया तो उसमें बडी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब पाया और उक्त ट्रक पर चालक सहित दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में चौपारण थाना कांड संख्या- 208/23 उत्पाद अधिनियम अंकित किया गया। जप्त ट्रक और उस पर लदे अवैध अंग्रेजी शराब को विधिवत जप्त किया गया और गिरफ्तार किये गये दोनो अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। **बरामद सामानः** ट्रक वाहन संख्या पीबी 13 बिएन-0352, इंपीरियल ब्लू 750 एम एल का विदेशी शराब 250 पेटी कुल 3000 बोतल। इंपीरियल ब्लू 375 एम एल का विदेशी शराब 340 पेटी कुल 8160 बोतल । इंपीरियल ब्लू 180एम एल का विदेशी शराब 100 पेटी कुल 4800 बोतल । (बडे और छोटे बोतल मिलाकर कुल 15960 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब), दो विवो कंपनी का मोबाइल ।
**गिरफ्तार व्यक्तियों का नाम एवं पताः-** ट्रक चालक रविंद्र कुमार पिता दलेल सिंह सा लोवारी थाना ईसराना जिला पानीपत (हरियाणा)। ट्रक मालिक अनुज कुमार पिता राजबीर सा मकान सं 124 पीर बडोली थाना गरौंडा जिला करनाल (हरियाणा)।
**छापामारी दलः-** पुअनि शम्भु नन्द ईश्वर थाना प्रभारी चौपारण, पुअनि आकाश कुमार चौपारण थाना और चौपारण थाना के सशस्त्र बल ।

## ओड़िशा रेल दुर्घटना में मारे गये लोगों के प्रति शोक व्यक्त



जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के लोगों ने उड़ीसा के बालासोर में शुक्रवार शाम हुए रेल हादसे में मरने वाले लोगों के प्रति गहरा शोक व्यक्त किया है। बरकट्ठा विधानसभा के युवा नेता उमेश यादव ने बालासोर ट्रेन दुर्घटना में मारे गये लोगों और इस भीषण हादसे से प्रभावित हुए पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने मृतक के आश्रितों को मुआवजा और घायलों का समुचित इलाज कराये जाने की मांग की। सांसद प्रतिनिधि महेन्द्र राणा ने कहा कोरोमंडल एक्सप्रेस ट्रेन हादसे की खबर सुनकर मन व्यथित है। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ है। भगवान से प्रार्थना करता हूं कि घायल जल्द स्वस्थ हों। जयनगर प्रखंड पासवा के सचिव नीलकंठ वर्णवाल ने कहा कि उड़ीसा के बहानागा रेलवे स्टेशन के समीप कोरोमंडल एक्सप्रेस ट्रेन के दुर्घटनाग्रस्त होने की हृदय विदारक घटना से मन आहत है, परमात्मा दिवंगत की आत्माओं को शांति प्रदान करें। शोकाकुल परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति दें। दुर्घटना में घायल लोगों के स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। उन्होंने कहा कि परमात्मा दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुख से उबरने की शक्ति प्रदान करें।

## शिव परिवार महायज्ञ के लिए सांसद ने सौंपी मूर्ति



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। प्रखंड के ताली बजाओ पानी बरसाओ के नाम से प्रसिद्ध आंगो पंचायत के बरसोपानी में 9 जून से 13 जून तक हो रहे शिव परिवार महायज्ञ के लिए हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा के द्वारा पूर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो के नेतृत्व में सांसद पुत्र आशीष सिन्हा और हिमांशु कुमार, रवि कुमार दांगी के सौजन्य से आज यज्ञ कमेटी के राजू मुंडा शाहरू मुंडा समेत अन्य ग्रामीणों को शंकर, गणेश, पार्वती, कार्तिक, नंदी महाराज, हनुमान समेत अन्य मूर्तियां सौंपी गयी। ज्ञात हो कि सांसद महोदय स्वयं यज्ञ में शामिल होने का आश्वासन दिया है।

## आदिवासी कुड़मी समाज के एक दिवसीय जिला सम्मेलन का आयोजन



चरही (आजाद सिपाही) । आदिवासी कुडमी समाज रविवार को एक दिवसीय जिला सम्मेलन सीसीएल आफिसर क्लब चरही में आयोजित किया गया। जिसका अध्यक्षता महानगर और मंच संचालन महानगर ने बातौर मुख्य अतिथि प्रसेनजीत महतो विशिष्ट अतिथि बैजनाथ महतो ने शामिल हुआ । साथ ही इस सभा में हजारीबाग जिले की 16 प्रखंड के कुडमी समाज का अधिकारी गण ने शामिल हुआ मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कुडमी का व्याख्या बताया पुजा पाठ पर्व तेवहार से लेकर भाषा के बारे में ज्ञान दिया गया अन्य समाज की तरह कुडमी समाज का अलग पहचान बनाने का बात कहा गया। आदिवासी कुडमी समाज का अलग दर्जा मिलता है, तो आने वाले दिनों में समाज में चार चांद लगा जायेगा। साथ अन्य प्रखंड से आये लोगों ने भी समाज हीत की बात कहा।

## न्यू पल्स हॉस्पिटल में अल्ट्रासाउंड का उद्घाटन



इचाक (आजाद सिपाही)। इचाक मोड रांची पटना मार्ग स्थित एसबीआई के नीचे न्यू पल्स मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल मे अल्ट्रासाउंड का उद्घाटन पंडित शिव शंकर पांडे और कृष्णदेव पांडे द्वारा वैदिक मंत्रो उच्चारण कर अस्पताल के निदेशक कैलाश प्रसाद मेहता और 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम द्वारा संयुक्त रुप से नारीयल फोड़ और फीता काट कर किया गया। मौके पर डॉ प्रवीण नाथ साहा, डॉ मृत्युंजय कुमार, दिगंबर मेहता, अरविंद कुमार मेहता, मुन्ना मालिक, गुडी दा, विकास कुमार, शिकारी सिंह, विश्वजीत प्रजापति, अमृत राज सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# ट्रेन हादसे के मृतकों के परिजनों को 50 लाख का मुआवजा मिले: प्रकाश रजक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोडरमा।** भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि उड़ीसा बालासोर में एक साथ तीन ट्रेन जिसमें यशवंतपुर हावड़ा एक्सप्रेस से कोरोमंडल ट्रेन टकराई फिर मालगाड़ी से भिड़ी। यह भारत देश के लिए रेल दुर्घटना सबसे बड़ा है जिसमें 250 सौ लोगों की जाने चली गयी है। हजारों लोग घायल अवस्था में है। इस रेल दुर्घटना से पूरा देश मर्माहत है। दुख की घड़ी में ईश्वर मरने वालों की आत्मा को शांति दे और परिवार वालों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। साथ ही साथ भाकपा जिला परिषद कोडरमा भारत सरकार से मांग



करती है कि मरने वाले के परिजनों को 50 लाख रुपया मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को नौकरी और घायलों को समुचित इलाज औरं 10 लाख रुपया देने का काम किया जाये तभी देश के लोग जानेंगे कि मोदी जी मन की बात सच में करते हैं। शोक संवेदना व्यक्त करने में भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम, पुरुषोत्तम यादव, पूर्व उप प्रमुख वीरेंद्र यादव, पंचायत समिति सदस्य रमेश यादव, महेश प्रसाद सिंह, अंचल मंत्री अर्जुन यादव, अंचल मंत्री रामेश्वर यादव, अंचल मंत्री सच्चिदानंद पांडेय, प्रदीप रजक, अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला अध्यक्ष रंजन कुमार रजक, जिला सचिव कयूम उद्दीन, ब्रह्मदेव दास, राज देव दास, एटक के प्रदेश उपाध्यक्ष सोनिया देवी, किशोर चौधरी, दशरथ पासवान, विनोद पासवान, रंजीत भारती, सुखदेव पांडे, रामेश्वर चौधरी, काली सिंह, प्रदीप रजक, ब्रह्मदेव राणा, सुदामा यादव, राजेंद्र रजक, दीपक चौहान आदि शामिल हैं।

## टाटीझरिया में जल संकट से लोग परेशान



टाटीझरिया (आजाद सिपाही) । कटते जंगल और गिरते भूजल स्तर से नदी-तालाब सूखते जा रहे हैं। गांव के हैंडपंप भी ठीक नहीं हैं। ऐसे में झरपो पंचायत के लोगों को पानी की मशक्कत करनी पड़ रही है। लोधी में बने चेक डेम से किसानों की बहुत आस रहती है। अगल बगल खेत में, बाड़ी में टमाटर बोदी, मिर्च करेला लगा हुआ है लेकिन चेक डेम का पानी सुख जाने के कारण लगे फसल सुख गया है । किसानों की चिंता बढ़ गयी है। गंदे पानी पीना लोगों की मजबूरी हो गयी है। कई गांवों में पानी के लिए दो-तीन किमी की दौड़ लगानी पड़ रही है। लोगों को पानी के लिए सूर्योदय से पहले बर्तन लेकर घर से निकलना पड़ रहा है। झरपो पंचायत की बात करे तों यहां प्रखंड में सबसे अधिक पानी की समस्या हर वर्ष होती है। तेज गर्मी के कारण भूजल स्तर नीचे चला गया है। खेती के लिए किसान तालाब पर निर्भर रहते है लेकिन तालाब में पानी नही रहने से कुछ तालाबों की दरारे फट रहा है हरिजन टोला में एक चापानल व तीन कुएं है और काफी देर हैंडपंप चलाने पर पानी निकलता है वही तीन कुएं है। जो पुरी तरह से सूखते जा रहे है। देवीमंडप झरपो में लगा जलमिनार से लोगो को प्यास बुझाई जा रही है जल मीनार खराब हो जाने पर पानी की किल्लत हो जाती है ठिकेदार का अता पता नहीं रहता है वही के ग्रामीण अपने खर्च वहन करके मशीन बनवाते है लोगों को दूर से पानी लाना पड़ रहा है।

## बड़कागांव में जदयू कार्यकर्ताओं की बैठक



बड़कागांव (आजाद सिपाही) । बड़कागांव पूर्वी पंचायत के ग्राम गुरु चट्टी स्थित रघुनंदन प्रसाद के आवास में जनता दल यूनाइटेड की बैठक हुई।इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष डॉ रघुनंदन प्रसाद एवं संचालन जिला महासचिव जिला महासचिव सुरेश कुमार वर्मा ने किया।कार्यकताओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा ने कहा कि हजारीबाग जिले में जदयू को मजबूत करने के लिए नई कमेटी के पुनर्गठन की जा रही है।उन्होंने आगे कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में जदयू पूरे भारत में एक राष्ट्रीय पार्टी के रूप में उभर रही है। क्योंकि देश की जनता बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यशैली से खुश है। प्रदेश महासचिव मिथिलेश सिंह ने कहा कि राज्यसभा सांसद खीरू महतो के नेतृत्व में भी पूरे झारखंड में पार्टी मजबूत हो रही है। नये और पुराने कार्यकताओं को सम्मान दे रही है। जिला महासचिव सुरेश कुमार वर्मा ने कहा कि भारत का अगला प्रधानमंत्री नीतीश कुमार होंगे। क्योंकि विपक्षी दल नीतीश कुमार के नेतृत्व में एक हो रहे हैं। क्योंकि नीतीश कुमार जो वादा करते हैं वह पूरा करते हैं। नितेश कुमार जनता के जननायक हैं। मौके पर मुरारी महतो, दशरथ महतो,चेतलाल महतो, प्रभु कुमार, सुखदेव महतो, बरजू महतो, इरफ़ान अंसारी,सुनील कुमार, खिरोधर महतो, सुमन देवी,संजू देवी, वैष्णो देवी,सविता देवी,मधु कुमारी, संजय महतो, सुनील कुमार आदि शामिल थे।

# जमीन पर कब्जा करने आये सात लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** कोर्रा थाना क्षेत्र के कोर्रा हेठ टोला स्थित बिरसा उरांव की जमीन पर 15-20 लोगो के द्वारा जमीन पर अवैध कब्जा करने के उद्देश्य से जमीन पर ही टेंट लगाकर खाना पीना और जमीन पर कार्य करवाया जा रहा था। उक्त गोलीबारी किसी को टारगेट कर नहीं की गयी थी। उक्त संबंध में वादी बिरसा उरांव पे भुनेश्वर आंब कोर्रा, हेठ टोला थाना कोर्रा जिला हजारीबाग के टंकित आवेदन के आधार पर कोर्रा थाना काण्ड संख्या 140/23 आर्म्स एक्ट के तहत काण्ड दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर महेश प्रजापति के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया तथा पुलिस अधीक्षक से प्राप्त गुप्त सूचना के



आधार पर काण्ड में संलिप्त 7 व्यक्तियों को विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के द्वारा अपने अपने अपराध स्वीकारोक्ति बयान में अपना अपराध स्वीकार किया गया है। गिरफ्तार सातो अभियुक्तों को विधिवत न्यायिक हिरासत में भेजा
**गिरफ्तार अभियुक्त :-**ऐहतेसामुल हक पे स्व एकरामुल हक सा लोहसिंघना मस्जिद के पीछे, आदिल खान पे मंजरुल हक सा लोहसिंघना मस्जिद के पास, वशीम हैदर पे स्व शमीम हैदर सा लोहसिंघना, ईमामबाड़ा के पीछे, शफीर अहमद उर्फ जॉन खान पे स्व इशाक अहमद सा गली नंबर 2, लोहसिंघना, मो जीशान अहमद पे तसलीम अहमद सा कोलघट्टी तालाब के पास सभी थाना लोहसिंघना जिला हजारीबाग, मजहर अंसारी उर्फ मिस्टर पे मुख्तार अंसारी सा इंदरा जरबा थाना चरही, तबारक अली पे मो इशाक सा गदोखर रोड, पेलावल थाना पेलावल ओपी दोनो जिला हजारीबाग शामिल हैं।

**बरामदगी :-** नीला रंग का मारुती सुजुकी 800 कार रजि सं जे एच 02एस 5854, एक पिस्टल (7.65), पांच जिंदा गोली (7.65)

## विद्यालय में आइएससी कोचिंग सेंटर का उद्घाटन

जयनगर(आजाद सिपाही) ।प्रखंड के बिरसा प्लस टू उच्च विद्यालय कटिया में आईएससी कोचिंग सेंटर का उद्घाटन विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव, डॉ. बीएनपी बर्णवाल, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर कोचिंग के संचालक रामनारायण यादव ने कहा कि इस कोचिंग के खुलने का एकमात्र उद्देश्य गरीब परिवार के बच्चों को साइंस की शिक्षा देना है। बहुत ऐसे अभिभावक हैं जो अपने बच्चे को इंजीनियर डॉक्टर बनाने का सपना देखते हैं परंतु पैसे के अभाव में वह पूरा नहीं कर पाते हैं। विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि यह क्षेत्र के लिए गौरव भरा पल है जो शिक्षा के क्षेत्र में राम नारायण यादव ने कदम उठाया है निश्चित तौर पर काबिले तारीफ है। कार्यक्रम को राजद प्रदेश उपाध्यक्ष सह मुखिया राजकुमार यादव, जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव आदि ने संबोधित किया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सरफुद्दीन अंसारी, पूर्व मुखिया लखपत यादव, अधिवक्ता विनोद कुमार, संचालक राम नारायण यादव, महेश रजक, शिक्षक मुकेश कुमार, पंकज कुमार, सुरेश कुमार राणा, संदीप कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद का कोडरमा में तेली साहू संगठन ने किया स्वागत



कोडरमा (आजाद सिपाही)। पिछले महीनों से देश के कई नामी-गिरामी पहलवान धरना प्रदर्शन पर हैं। ये सभी पहलवान भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष और बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर एक नाबालिग समेत कई महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न करने का एफआईआर माननीय सर्वोच्च न्यायालय में गुहार लगाने के बाद दर्ज हो पाया। अभी भी भाजपा अपने सांसद को बचाने में लगी है। महिला सुरक्षा और सम्मान को सूली पर लटका के पीड़ित पहलवानों को तरह तरह से प्रताड़ित किया जा रहा है। इसे लेकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के द्वारा आगरा में दिनांक 5 जून को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद को कांग्रेस पार्टी की तरफ से पार्टी के महासचिव एवं राज्यसभा सांसद वरिष्ठ कांग्रेसी जयराम रमेश ने ज़िम्मेवारी दी है। विधायक अंबा प्रसाद रविवार को प्रेस कांफ्रेंस हेतु आगरा रवाना हो गयी। इसी क्रम में कोडरमा स्टेशन पहुंचने पर राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के जिला अध्यक्ष किशोर साव, भीम साव, भुनेश्वर साव, हरिदेव साव, सुजीत नायक, पिंटू साव, कांग्रेस के मनोज सहाय पिंकू, संतोष यादव, अरशद वारसी आदि ने बुके दे स्वागत कर रवाना किया।

## प्रशिक्षु आइएएस की टीम ने मरकच्चो और डोमचांच प्रखंड का किया भ्रमण



कोडरमा (आजाद सिपाही)। रविवार को प्रशिक्षु आईएएस श्रुति राजलक्ष्मी, रवि कुमार, दीपेश कुमारी, कृष्णकांत कांवरिया, प्रंजल धांडा और सुलोचना मीणा ने मरकच्चो व डोमचांच प्रखंड का दौरा किया। उन्होंने सबसे पहले मरकच्चो प्रखंड के डंडाडीह पंचायत में बन रहे मनरेगा पार्क का अवलोकन किया और पौधारोपण का भी कार्य किया। इसके साथ ही प्रशिक्षु आईएएस ने मरकच्चो प्रखंड के आकोर्सा, करमागढा और डोमचांच प्रखंड के शेरसिंघा और लक्ष्मीपुर स्वावलंबी गांव का भ्रमण किया। उन्होंने स्वावलंबी गांव के ग्रामीणों के साथ संध्या चौपाल की। ग्रामीण अपने गांव को विकास की डोर से बांध रहे हैं, इसे विस्तार से बताया। ग्रामीणों द्वारा श्रमदान से किये जा रहे कार्यों को देख काफी प्रभावित हुए। संध्या चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने स्वावलंबी गांव बनाने के लिए क्रमवार तरीके को बताया, संध्या चौपाल के माध्यम से ग्रामीण के द्वारा किये जा रहे विचार विमर्श को देख और काफी खुश हुए और कहा आप लोग के द्वारा गांव के विकास के लिए जो कार्य किये जा रहा है वो काफी प्रशंसनीय है। मौके पर प्रशिक्षु उप समाहर्ता सारांश जैन, पीएमयू सदस्य सुक्रुती, धनपाल और अन्य मौजूद रहे।

## वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत, एक घायल

कोडरमा (आजाद सिपाही)। रविवार को डोमचांच थाना अंतर्गत नीरू पहाड़ी के समीप वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान अजय कुमार (उम्र 23 वर्ष, पिता पवन गोस्वामी) और घायल की पहचान आर्यन कुमार (उम्र 16, पिता सतीश मिर्धा, डोमचांच बाजार) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अपने मोटर साइकिल से डोमचांच से तिलैया की तरफ आ रहे थे। वाहन की चपेट में आने से दोनों घायल हो गए। जिसके बाद आनन-फानन में दोनों को सदर अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने अजय कुमार को मृत घोषित कर दिया जबकि एक युवक का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

# कैलाश बने टेट पास सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष

**आजाद सिपाही संवाददता**

**हजारीबाग।** झील परिसर में रविवार को टेट पास सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की बैठक प्रमंडलीय अध्यक्ष अनिता महतो की अध्यक्षता में हुई। संचालन मो अत्ताउल्लाह के द्वारा किया गया। बैठक में उपस्थित मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महासचिव संजय मेहता की देखरेख में जिला कमेटी गठन किया गया। सर्वसम्मति से कैलाश प्रसाद मेहता को जिला अध्यक्ष, मोहम्मद अत्ताउल्लाह को महासचिव, अशोक पासवान कोषाध्यक्ष, सुरेश राम को संगठन मंत्री तथा बिरेंद्र कुमार को मीडिया प्रभारी के रूप में चयन किया गया। शेष पद के लिए पुनः जिला की एक और बैठक की जायेगी इस बैठक में जिला कमेटी का



विस्तारीकरण किया जायेगा। संजय मेहता ने कहा की 62 हजार पारा शिक्षकों को वेतनमान देने का वादा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चुनाव के समय किए थें। वह वादा पूरा करने का समय आ गया है और हम सभी सहायक अध्यापकों का पूरा विश्वास है कि बहुत जल्द मुख्यमंत्री के द्वारा 62000 पारा शिक्षकों को वेतनमान निश्चित रूप से देंगे। गिरिडीह के विधायक सुदिव्य कुमार सोनू से बातों के पश्चात उन्होंने कहा की 6 जून को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल को बात कराने का प्रयास किया जायेगा और जो सरकार वादा की है उसे हर संभव निभाया जायेगा, सहायक अध्यापक को घबराने की जरूरत नहीं है।
प्रमंडलीय अध्यक्ष अनीता महतो ने कहा कि अगर सरकार समय रहते सहायक अध्यापकों को वेतनमान नहीं देती है तो सहायक अध्यापक चरणबद्ध आंदोलन की शुरूआत करेंगे। मौके पर कैलाश मेहता, मोहम्मद अताउल्लाह, अशोक पासवान, वीरेंद्र कुमार ,लखन मेहता, जय शंकर प्रजापति, कैलाश भुइयां, मनोज कुमार, दिगंबर कुमार, शारदा कुमारी, गीता कुमारी, गुणवंती देवी, सुरेश पासवान, महेंद्र मेहता, सीताराम साहू, देवनारायण प्रसाद, बालेश्वर मेहता, प्रदीप मेहता समेत दर्जनों टेट पास सहायक अध्यापक एवं अध्यापिका उपस्थित थी।

## भाजपा युवा मोर्चा पश्चिम मंडल के अध्यक्ष बने राजेश यादव




बड़कागांव (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा बड़कागांव पश्चिमी मंडल के अध्यक्ष राजेश यादव को बनाया गया। मौके पर जिला महामंत्री निशिकांत कुमार ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेवारी सौंपी है हम लोगों का आशा है कि संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे और ज्यादा से ज्यादा युवाओं को पार्टी में जोड़ेंगे। इसकी एक प्रतिलिपि भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विकास सिन्हा को दिया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष विकास सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष विक्रम आदित्य, आतिश सिन्हा, महामंत्री निशिकांत कुमार, सांसद प्रतिनिधि पूनम साव, जिला मंत्री रवि पांडे जिला मीडिया प्रभारी शिव शंकर उर्फ शिबू मेहता, उदय मेहता, ऋषि कुमार, राकेश राय सहित अन्य जिला के पदाधिकारियों एवम् मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहें ।

## पुजारी ने कहा, रथयात्रा में पूजा करने से भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है

# प्रभु गये अज्ञातवास में, कैथा रथयात्रा 20 को

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** नगर परिषद क्षेत्र के कैथा में रथयात्रा को लेकर आयोजन समिति के तत्वधान में तैयारी आरंभ कर दी गयी है। इसी क्रम में रविवार को विधि अनुसार आयोजन समिति के सदस्यों व श्रद्धालुओं ने ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन भगवान जगन्नाथ बहन शुभद्रा व भाई बलभद्र के अस्वस्थ होने पर उन्हें गद्दी से उतार कर उनका पवित्र स्नान कराया। विधि अनुसार अगले 15 दिनों तक भगवान अज्ञातवास में रहेंगे। आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वितीया के दिन भगवान को रथारुढ कर श्रद्धालुओं वापिस सिंहासन पर विराजमान कराया जाएगा। मौके पर मुख्य पूजारी भागवत नारायण चटर्जी ने कहा कि भगवान जगन्नाथ, बहन शुभद्रा व भाई बलभद्र के पूजन का विशेष महत्व है। रथयात्रा में तीनों विग्रहों के पूजन से भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है। भगवान जगन्नाथ जगत के पालनकर्ता हैं, उनके पूजन से हम सभी श्रद्धालु पुण्य के भागी होने का सौभाग्य प्राप्त करते हैं।

### अध्यक्ष वार्ड पार्षद देवधारी महतो और सचिव राजेश कुमार महतो बने

रथयात्रा आयोजन को लेकर आयोजन समिति का गठन किया गया है। जिसमे, अध्यक्ष वार्ड पार्षद देवधारी महतो, सचिव राजेश कुमार महतो, कोषाध्यक्ष आशुतोष चटर्जी, मुख्य संरक्षक भागवत नारायण चटर्जी, सुदर्शन महतो, हरिहर पाठक, रूपेंद्र महतो, सुकर महतो, चुनीलाल महतो, संजय महतो, माधव करमाली, देवलाल महतो बनाए गए। जबकि, कार्यकारिणी सदस्य राजू कुमार महतो, संदीप महतो, कुलदीप महतो, अमित कुमार, अजय आस्था, पंकज कुमार, प्रह्लालाद कुमार, रवि नायक, दीपाली चटर्जी, राजुवाला चटर्जी, नवनीत कुमार, बालिस राम महतो को बनाया गया।

### कैथा रथयात्रा रामगढ़ जिले के लिए गौरव है: देवधारी महतो

आयोजन समिति अध्यक्ष देवधारी महतो ने कहा कि कैथा रथयात्रा रामगढ़ जिले का गौरव है। कैथा रथयात्रा में रामगढ़ जिले के अतिरिक्त दूसरे जिलों से भी भारी संख्या में श्रद्धालु आते हैं और भगवान का पूजन करते हैं।

### 75 वर्षो से कैथा में रथयात्रा का आयोजन होता आ रहा है: राजेश

सचिव राजेश महतो ने कहा कि बीते 75 वर्षो से कैथा में पावन रथयात्रा का आयोजन होता रहा है। कोरोनाकाल बीतने के बाद श्रद्धालुओं में उत्साह है। श्रद्धालु रथयात्रा में भाग लेकर पुण्य के पात्र होने को उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि रथयात्रा की तैयारी को लेकर आयोजन समिति के सदस्य व ग्रामीण तत्परता से जुटे हैं।

**ये थे उपस्थित**

इस अवसर पर मुख्य रूप से सुकनू देवी, रेनू देवी, किरण देवी, जोशना देवी, सिद्धार्थ चटर्जी, सुशांत चटर्जी आदि उपस्थित थे।

## 8वीं बोर्ड परीक्षा में कुजू बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओं का शानदार प्रदर्शन





**कुजू (आजाद सिपाही)।** बालिका उच्च विद्यालय मुरपा (कुजू) की छात्राओं ने जैक द्वारा जारी आठवीं बोर्ड की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय की छात्रा नरगिस परवीन, प्रभा कुमारी, सबा परवीन ने ए-प्लस श्रेणी प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनी। सफल छात्राओं ने आठवीं बोर्ड परीक्षा में ए-प्लस श्रेणी से पास कर अपने गांव, माता-पिता, शिक्षकगण व विद्यालय प्रबंधन का नाम रौशन किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुलदीप प्रसाद ने बताया कि इस बार आठवीं बोर्ड परीक्षा में कुल 65 छात्राए परीक्षा में शामिल हुये। जिसमे 64 छात्राएं परीक्षा में सफल रही है। उन्होंने सभी उत्तीर्ण छात्राओं को बधाई देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वही, विद्यालय सचिव अनीष कुमार गुप्ता ने छात्राओं की सफलता पर अपनी प्रसन्नता जाहिर करते हुये कहा कि सफलता शिक्षकों और छात्राओं द्वारा किये गए निरंतर प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने शिक्षकों, छात्राओं और अभिभावकों को भी इसके लिए बधाई दी।

## पर्यावरण दिवस पर चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** मगध-संघमित्रा क्षेत्र, सी.सी.एल.में विश्व पर्यावरण दिवस पर  मगध परियोजना कार्यालय कुंडी,पिट ऑफिस आरा और महाप्रबंधक कार्यालय में चित्रकला और निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर मगध के नये पीओ एस. सत्यनारायण के साथ- साथ कामेश्वर राम, उप प्रमुख, बालूमाथ, राकेश कुमार, खान प्रबंधक,  दया शंकर ओझा विक्रय पदाधिकारी, मगध परियोजना ने आरा पीट ऑफिस में पौधारोपण किया। साथ ही साथ आस पास के ग्रामीणों में पौधों का वितरण भी किया गया। पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विभिन्न विषय पर विभिन्न श्रेणियों में आयोजित प्रतियोगिता में महाप्रबंधक कार्यालय और मगध परियोजना के कर्मियों सहित आस पास के ग्रामिणों के 140 बच्चों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।इस विशेष अवसर पर महाप्रबंधक कार्यालय से  नवीन कुमार, अमला अधिकारी खनन, दिग्विजय कुमार नोडल अधिकारी सी.एस.आर, मृगांक शेखर, क्षेत्रीय नोडल पदाधिकारी वन और पर्यावरण, जितेंद्र कुमार सहायक प्रबंधक खनन तथा परियोजना से संजय कुमार बेहेरा, सुरक्षा पदाधिकारी, आकाश वरुण कुल्लू, सहायक प्रबंधक कार्मिक, छोटेलाल भगत, सहायक प्रबंधक सर्वेक्षक, अमरेश कुमार, उप प्रबंधक खनन, असीम प्रकाश, उप प्रबंधक कार्मिक समेत कई कर्मी उपस्तिथ थे।

## रेलवे ओवरब्रिज की मांग को लेकर सांसद को सौंपा आवदेन



**कुजू (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग सांसद जयंत सिंहा से हजारीबाग स्थित ऋषभ वाटिका में भाजपा रामगढ़ जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता के नेतृत्व में सेवटा ग्रामवासी रेलवे ओवरब्रिज बनाने की मांग को लेकर मुलाकात की। साथ ही, ग्रामीणों ने सांसद को हस्ताक्षर युक्त आवेदन सौंपते हुए पहल करने का अनुरोध किया। वही, सेवटा ग्रामवासी ने सांसद जयंत सिन्हा को बरकाकाना गोमो रेलखंड पर रांची रोड के समीप स्थित गेट संख्या 32/बी1/टी के पास ओवरब्रिज बनाने की मांग की है। ग्रामीणों ने ट्रेनों की आवाजाही के कारण रेल फाटक अक्सर बंद रहने की समस्याओं से अवगत कराया। वही, उक्त रेल फाटक को रेलवे द्वारा स्थाई रूप से बंद करने के जारी आदेश का भी हवाला दिया। ग्रामीणों की दिक्कतों को देखते हुए सांसद ने अपने स्तर से धनबाद डीआरएम से दूरभाष द्वारा संपर्क कर उचित समाधान का भरोसा जताया। गौरतलब है कि रेलवे द्वारा रेल फाटक को स्थाई रूप से बंद करने का निर्देश जारी किया गया है। जिसको लेकर धनबाद डीआरएम कार्यालय में आगामी सात जून को ग्रामीणों की बैठक रखी गई है। मिलने वालों में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजू चतुवेर्दी, भाजपा रामगढ़ नगर परिषद उपाध्यक्ष संजय शाह, नरेश प्रसाद साहू, सुनील प्रसाद साहू, छोटन सिंह, सुबोध प्रसाद साहू, रंजीत प्रसाद, परमेश्वर साव, लखन प्रसाद, राजेश प्रसाद, संदीप कुमार समेत कई ग्रामीण शामिल रहे।

## मोदी सरकार के नौ साल : विकास तीर्थ कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** केन्द्र में भारतीय जनता पार्टी की नरेन्द्र मोदी सरकार के 9 वर्ष पूरा होने पर पूरे राज्य में जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में स्थानीय महिला महाविद्यालय के प्रांगण में विकास तीर्थ क्रार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पूर्व विधायक जनार्दन पासवान ने किया। जनार्दन पासवान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री द्वारा सबका साथ, सबका विकास, सबका विष्वास के मूल मंत्र के साथ पूरे देश एवं प्रदेश में विकास कार्य तेजी से संचालित कर विकास के अंतिम पंक्ति मे बैठे लोगों के जीवन स्तर सुधारने में लगे हैं। इसके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान समृद्धि योजना, जल नल योजना, कोरोना काल में मुफ्त अनाज योजना चलायी जा रही है। पूर्व विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा नियमावली बनाने के कारण ही आज खनिज संपदा से चतरा जिले में डीएमएफटी फंड से करोडों रुपए खर्च कर उस क्षेत्र के लोगों का विकास किया जा रहा है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अशोक शर्मा ने कहा कि आज जिस महाविद्यालय में यह कार्यक्रम आयोजित की जा रही है, इसकी आधारशिला भी पूर्ववर्ती भाजपा सरकार द्वारा ही रखी गयी थी, जो आज संचालित है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष तिलेश्वर पासवान, सुजीत जायसवाल, नगर अध्यक्ष सागर आर्य, मीडिया प्रभारी परशुराम शर्मा, सोशल मीडिया संयोजक मनमीत सिन्हा, शिवकुमार चैबे, चंद्रपाल पाठक, प्रमोद यादव, सांसद प्रतिनिधि सुमन देवी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## दुर्गी पंचायत में चहारदीवारी का उद्घाटन



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** दुर्गी पंचायत में उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पतरातू प्रखंड के प्रमुख कौशल्या देवी उपस्थित रही। उद्घाटन समारोह में 15 वे वित्त आयोग के अंतर्गत पंचायत समिति मद के द्वारा दुर्गी पंचायत के कब्रिस्तान में प्लास्टर व जोड़ाइ कार्य संपन्न होने पर मुख्य अतिथि व दुर्गी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य फरीद अंसारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। मौके पर दुर्गी पंचायत के मुखिया मो मोकिम आलम, प्रमुख प्रतिनिधि सीताराम मुंडा, वार्ड सदस्य तरुनुम प्रवीण, मालती देवी, ऐहसान अंसारी, योजना के अध्यक्ष श्याम नंदन महतो सचिव नबीब अंसारी, समद अली, जितेन्द्र मुंडा, रमेश महतो, सोहेल अंसारी, अशहर राजा, नबाब अंसारी, रुस्तम अंसारी, समशुद दोहा, ललका मुंडा, मो सलमान, बिगन हजाम, मिन्हाज अंसारी, ताजुद्दीन, जैतून निशा, सरीफन निशा, कैमरून निशा सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## एनटीपीसी सीएमडी ने किया अतिथि गृह का उद्घाटन

**पूरी टीम के साथ एसटीपीपी का किया दौर, दूसरी और तीसरी इकाई का लिया जायजा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**टंडवा ।** एनटीपीसी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह के नेतृत्व में निदेशक स्तर के तीन सदस्यीय दल के साथ शनिवार को उत्तरी कर्णपुरा बृहद ताप विद्युत परियोजना का दौरा किया। जिसमें परियोजना निदेशक उज्जवल कांति भट्टाचार्य तथा एक्सक्यूटिव डायरेक्टर हाइड्रो सह आरईडी एसएन त्रिपाठी शामिल थे। इस दौरान अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक सिंह ने अतुल्यम अतिथि गृह का उद्घाटन शीलापट्ट का अनावरण कर परियोजना को समर्पित किया। तत्पश्चात अधिकारियों ने पहली इकाई से विद्युत उत्पादन समीक्षा के उपरांत निमार्णाधीन दूसरी व तीसरी इकाइ के कार्य प्रगति की जानकारियां मुख्य महाप्रबंधक तजिंदर गुप्ता से ली। इस दौरान अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक सिंह ने ताप संयंत्र का निरीक्षण कर अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए। सीएमडी सिंह ने दूसरी व तीसरी इकाई से निर्धारित विद्युत उत्पादन लक्ष्य हासिल करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के उपरांत सीएमडी सिंह ने एनटीपीसी के वरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर परियोजना विस्तार एवं इसके निर्माण कार्य प्रगति पर समीक्षा बैठक की। इससे पूर्व सीएमडी को गॉड ऑफ ऑनर देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात मुख्य महाप्रबंधक तजिंदर गुप्ता ने पौधा भेंट कर अधिकारियों का स्वागत किया। इस मौके पर मुख्य महाप्रबंधक तजिंदर गुप्ता, परियोजना महाप्रबंधक शुभाशीष बोस, जीएम ओएंडएम एके शुक्ला, जीएमएफएम सोमनाथ बेहरा, चावला, बीआर प्रसून, धीरज गुप्ता, अभिषेक आनंद, सन्नी सेठ समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** वैन्कटेश आयरन फैक्ट्री लपंगा के सहयोग से समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुल-पत्तल बेचने आये गरीबों को भोजन कराया। इस दौरान मंच के संस्थापक जगतार सिंह, अध्यक्ष डब्लू सिंह, प्रो. रामानुज सिंह, उमाशंकर जयसवाल व शिक्षक भूपेंद्र वर्णवाल उर्फ रिंकु ने दर्जनों गरीब महिला-पुरूष और बच्चों के बीच पुड़ी-सब्जी, लड्डू और ठंडे शरबत का वितरण किया। मौके पर डब्लू सिंह ने बताया कि वैन्कटेश आयरन फैक्ट्री लपंगा के सहयोग से पिछले 7 सप्ताह से भोजन वितरण कार्यक्रम संपन्न कराया जा रहा है। वैन्कटेश आयरन फैक्ट्री ने मंच के माध्यम से दो माह तक गरीबों को भोजन कराने का बीड़ा उठाया है जो कि काफी सराहनीय कार्य है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुकरा करमाली, ललन राम, रेणुका देवी, लालू उरांव, राजेश वर्णवाल, विकास श्रीवास्तव, राकेश शर्मा आदि का विशेष योगदान रहा।

## राज्य स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स के खिलाड़ियों को एसडीपीओ ने किया सम्मानित



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** राज्य स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए भुरकुंडा के दो खिलाड़ी अनिल दास और आशीष कुमार का चयन हुआ है। इससे भुरकुंडा कोयलांचल सहित आसपास के क्षेत्रो में हर्ष का माहौल है। मार्शल आर्ट सितोरियू कराटे डो फेडरेशन ऑफ भुरकुंडा शाखा के कोच सह चयनित खिलाड़ियों के प्रशिक्षक कंचन दास ने बताया कि दोनो खिलाड़ी आगामी 10 व 11 जून को रजरप्पा के डीएवी मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का जौहर दिखायेंगी। दोनों खिलाड़ियों की सफलता पर रविवार को पतरातू एसडीपीओ डॉ. बीरेंद्र कुमार चौधरी ने अपने पतरातू स्थित आवास में मेडल देकर सम्मानित करते उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर प्रशिक्षक सेंसाई कंचन दास ने बताया कि दोनो चयनित छात्र 14 वर्षीय अनिल दास व और 16 वर्षीय आशीष कुमार ए ला एंगलाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में अध्ययरत हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि अपनी बेहतर प्रदर्शन के बदौलत दोनो खिलाड़ी आगे चलकर भुरकुंडा कोयलांचल ही पूरे राज्य का नाम रोशन करेंगे।

## चेंबर की वार्षिक आमसभा 25 जून को



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की 30 वी वार्षिक आमसभा 25 जून को किए जाने की घोषणा चेंबर अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल ने की है। चेंबर के मानद सचिव मनोज चतुवेर्दी 'मानू' ने बताया कि वार्षिक आमसभा दो सत्रों में आयोजित की जाएगी। जिसमें पहला सत्र व्यवसायिक सत्र होगा। उस सत्र में वर्ष 2022-23 के आय-व्यय का ब्यौरा और सचिव प्रतिवेदन को संतुष्ट किया जायेगा। साथ ही संविधान संशोधनों  के लिए आए हुए प्रस्ताव पर विचार विमर्श किया जायेगा। दूसरा सत्र उद्घाटन सत्र होगा। जिसमें राज्य के मंत्री, सांसद, विधायक या वरीय प्रशासनिक पदाधिकारी को बुलाने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर मानद सचिव मनोज चतुवेर्दी 'मानु' ने कहा कि चेंबर के सदस्यों को संविधान में संशोधन हेतु कोई प्रस्ताव प्रेषित करना हो तो वह 17 जून 2023 तक उक्त प्रस्ताव के संशोधन के लिए आवेदन चेंबर भवन में जमा कर सकते हैं। इस अवसर पर चेंबर के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता) दुर्गा प्रसाद सिंह उर्फ वकील सिंह, मनजी सिंह एवं उप समिति के सभापति बालकृष्ण जालान उपस्थित थे।

## पतरातू तालाटांड़ पुल पर कार दुर्घटनाग्रस्त

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू थाना क्षेत्र के पतरातू तालाटांडा पुल के पास रविवार को एक गाय को टक्कर मारते हुए अनियंत्रित होकर एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। और गाय की मौत हो गई है। वही इस दुर्घटना ग्रस्त में कार चालक को मामूली चोट लगी है। उसे सीएचसी पतरातू लाया गया है जहां पर डॉक्टरों द्वारा उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया है ।कार चालक  पुनदाग रांची निवासी बताया जा रहा है ।मृत्युंजय कुमार रांची से  पतरातू डैम घूमने के लिए आए हुए थे ।

## भाजपा की सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर की बैठक संपन्न

# राजनीति में सोशल मीडिया की उपेक्षा असंभव : जेपी पटेल

आजाद सिपाही संवाददाता




**रामगढ़।** भाजपा के द्वारा चलाए जा रहे महाजनसंपर्क अभियान के तहत रविवार को होटल ट्रीट के सभागार में सोशल मीडिया इनफ्लूएंसर मिट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मीडिया प्रभारी सह कार्यक्रम प्रभारी सत्यजीत चौधरी ने किया। मौके पर मुख्य रूप से मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल उपस्थित हुए। मंच संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम के जिला संयोजक राजू चतुवेर्दी ने किया।

### विधायक जेपी पटेल ने सोशल मीडिया पर रखी बात

विधायक जेपी पटेल ने कहा की आज के दौर में सोशल मीडिया को हटाकर राजनीति करना संभव नहीं है। क्योंकि आज के डिजिटल भारत में  देश के हर युवाओं के हाथ में उच्च तकनीक वाली मोबाइल उपलब्ध है। जिससे वो पार्टी के हर कार्यक्रमों पर नजर रखते है और यही भाजपा की ताकत भी है। जिसकी मदद से हमने कई चुनाव भी जीते है और जिस नरेंद्र मोदी को पहले अमेरिका में आने पर प्रतिबंध लगाया गया था। आज उसके राष्ट्रपति हमारे मोदी के नाम पर चुनाव लड़ते है और उनका ऑटोग्राफ लेकर खुद को गर्वांवित करते है।

ये आप सभी युवाओं की शोशल मीडिया के माध्यम से मोदी के पक्ष में किए गए प्रचार प्रसार से संभव हो पाया है। जिसको आज स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी स्वीकार करते है।

### कौन-कौन थे उपस्थित

बैठक में भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, महामंत्री रंजन फौजी, मंत्री रमेश वर्मा, आईटी सेल प्रभारी धीरज साहू, भीमसेन चौहान, वीरेंद्र महली, महिला मोर्चा मीडिया प्रभारी रीति श्रीवास्तव, ओम शंकर रुदल कुमार, श्रवण कुमार, ऋषिकेश सिंह, जितेंद्र साहू, विकासमनी पाठक, राकेश सिंह, शंकर महतो, निरंजन कुमार, अर्जुन कुमार वर्मा, शशिशेखर सिंह, जयकुमार सिंह, अमन तिवारी, सुभम कुमार सिंह, सूरज पासवान, मोहन कुमार, प्रियांसु श्रीवास्तव, रवि गुप्ता इत्यादि दर्जनों मीडिया इनफ्लूएंसर उपस्थित हुए।

## रेल हादसा मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाये : डॉ आशीष कुमार



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** कोल माइंस वर्कर्स यूनियन के क्षेत्रीय सचिव सह ऑल झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित-मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार ने शनिवार को प्रेस बयान जारी कर उड़ीसा के बालासोर में ट्रेन दुर्घटना में मारे गए लोगों के प्रति गहरा दख व्यक्त किया है। साथ ही उन्होंने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच करते हुए दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा है कि 285 लोगों की हुई मौत का जिम्मेवार स्टेशन मास्टर है या रेल मंत्री या फिर केंद्र सरकार है इसका जवाब देना होगा। उन्होंने इतनी बड़ी घटना होने पर रेल मंत्री को इस्तीफा देने और पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराकर दोषी रेलवे कर्मचारी, स्टेशन मास्टर, को नौकरी से बर्खास्त करते हुए 302 का मामला दर्ज कर कोर्ट ऑफ इंक्वायरी करने की मांग की है।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 05 जून, 2023
www.azadsipahi.in


## वाहन ने स्कूटी को मारा धक्का, तीन घायल

**भंडरा / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** बीते रात भंडरा से सेमरा की तरफ जाने वाले सड़क में नोडीहा मोड़ के पास अज्ञात वाहन स्कूटी नंबर जेएच 08 एच 4527 को ठोकर मार कर भागा। अज्ञात वाहन के टक्कर मारने से स्कूटी सवार तीन लोग घायल हो गए। स्कूटी सवार लोग सेमरा से भंडरा की तरफ आ रहे थे। दुर्घटना में भरनो थाना क्षेत्र के ढहरकेशा गांव निवासी गंदूर मुंडा के 15 वर्षीय पुत्र रंथू मुंडा, राजेन्द्र उरांव के 18 वर्षीय पुत्र राहुल उरांव और पंचू उरांव 18 पिता कार्तिक उरांव ग्राम सरनाटोली का निवासी है। घायल पंचू और रंथू को रांची रिम्स रेफर किया गया। प्रतायछ दर्शिओं के अनुसार तीनो युवक नशा में धुत थे। भंडारा थाना प्रभारी गौतम कुमार को सूचना मिलने पर तीनों घायल को सामुदायिक केंद्र भंडारा पंहुचाया गया। एक अन्य सड़क दुर्घटना में सेग्राटोली बाजार के पास सड़क दुर्घटना में टोटो जामुन दीपा गांव का युवक एवम युवती घायल हो गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया गया।

## आजसू की प्रखंड स्तरीय बैठक



**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू प्रखंड के ककरगढ़ पंचायत अंतर्गत ग्राम फुलसुरी में रविवार को आजसू पार्टी की प्रखंड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड आंदोलनकारी पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की पत्नी सह लोहरदगा विधानसभा प्रभारी निरू शांति भगत उपस्थित रही। पार्टी की मजबूती, केंद्रीय कमिटी द्वारा निर्धारित कार्यक्रम की सफलता और आगामी 2024 में होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव पर विशेष चर्चा एवं रणनीति बनायी गयी। इसके साथ ही बताया गया कि प्रखंड और अंचल कार्यालय में व्यापत भ्रष्टाचार के खिलाफ आगामी 13 जून को धरना प्रदर्शन किया जायेगा। प्रखंड में हो रहे भ्ष्टार्चार को आजसू कतई बर्दाश्त नही करेगी इसके खिलाफ पार्टी सड़क से सदन तक आवाज उठाने का काम करेगी। मौके पर नीरू शांति भगत के अलावा, विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय सचिव लाल गुडडू नाथ शाहदेव एवं जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश भारती जिला सचिव बिलयम कुजुर जिला प्रवक्ता रामचंद्र गिरी अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी, महीला जिला अध्यक्ष अनीता देवी, मीडिया प्राभारी नावेज खान, सचिव गुड्डू खान जिला उपाध्यक्ष मुन्ना अग्रवाल आदि ने भी अपने अपने विचार रखते हुए जनहित के काम करने और पार्टी की मजबूती पर अपने अपने विचार रखे। मौके पर पंचम लाल, प्रदीप ठाकुर, रमेश बैठा, सलीम पाडू, साजिद कलाल, परमेश्वर महतो सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सोहरपाठ में 11 बेटियों का सामूहिक विवाह संपन्न



**महुआडांड़ (आजाद सिपाही)।** प्रेरणा परमार्थ आश्रम प्रयागराज की बेलचंपा-रेहला शाखा के तत्वावधान में परम पूज्य अघोरेश्वर अवधूत भगवान राम निशुल्क सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन लातेहार जिला अंतर्गत महुआडांड़ के सोहरपाठ गांव में 4 जून को आयोजित हुआ आश्रम के संस्थापक श्रद्धेय भैया जी की प्रेरणा व निर्देशन में आयोजित हो रहे इस सर्वधर्म सर्व समाज सामूहिक विवाह समारोह में 11 जोड़ा गरीब वर-कन्याओं की शादी करायी गयी। सामूहिक विवाह कार्यक्रम सुबह सात बजे परम पूज्य अघोरेश्वर भगवन रामजी के पूजा अर्चना के उपरांत आदरणीय सुधीर भैया जी के आशीर्वाद से शुरू हुआ संपूर्ण वैवाहिक कार्यक्रम वाराणसी से आये प्रकांड पंडितों द्वारा संपन्न कराया गया शादी मैं मुख्य अतिथि पूर्व मनिका विधायक हरकृष्ण सिंह जी थे। शादी के बाद आश्रम श्रद्धेय भैया जी के आशीर्वचन और अतिथियों के आशीर्वाद के साथ ही विवाहित बेटियों को विदा किया गया लातेहार के महुआडांड़ का यह क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य है। यहां पर धर्मांतरण को रोकने के निमित्त आश्रम की ओर से कराया जा रहा निशुल्क सामूहिक विवाह का यह आयोजन सराहनीय कदम है। इस क्षेत्र में प्रेरणा परमार्थ आश्रम की सोहर पाठ गांव स्थित शाखा में निशुल्क सामूहिक विवाह का यह चौथा आयोजन था कार्यक्रम के पूरे अध्यक्षता दिनेश प्रसाद सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष कृपाशंकर सिंह, कार्यकारी उपाध्यक्ष शेरों सिंह, सदस्य रंजीत सिंह, विशाल सिंह, पप्पू सिंह, प्रकाश सिंह, महेंद्र सिंह, पवन सिंह, रणधीर, रामप्रवेश सिंह, डॉक्टर विकास, अजीत, डॉ अनूप, डॉक्टर प्रेमचंद, मिस्टर सिंह, डॉक्टर विकास, नीरज, दुर्गेश, अंशु, गोलू, दीपू, राकेश, सतीश, आलोक, मनोज, संजू बबलू, वेद, कृष्णा जी, मधु जी, महुआडांड़ जिला परिषद स्टेला नगेसिया, राम जयसवाल, सिंपल कुमार, अजय उरांव, अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भाजपा युवा मोर्चा की बैठक संपन्न

**बारियातु (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा मंडल कार्यालय में भाजपा युवा मोर्चा कार्यसमिति की बैठक रविवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता युवा मंडल अध्यक्ष संदीप केसरी ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात महा जनसंपर्क अभियान चलाने को लेकर विशेष रूप से चर्चा किया गया। चर्चा के पश्चात उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए युवा मंडल अध्यक्ष केसरी ने कहा कि अब तक जो भी केन्द्र के संचालित योजनाओं के द्वारा काम हुआ है उसे जनता को बताना है। जैसे पीएम आवास, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री ज्योति जीवन बीमा योजना, सहित अन्य सभी संचालित योजनाओं को बताना है और मंडल में लाभार्थी सम्मेलन करना, नव मतदाता से मिलना, बाईक रैली निकालना, क्विज करवाना सहित कई बिंदुओं पर चर्चा करते हुए विशेष रूप से जानकारी दिया गया। इसके लिए एक टोली बनायी गयी है। जो प्रति बूथ बूथ पर जाकर संपर्क कर मोदी जी की योजना को बताएंगे। मौके पर मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह, जिला ओबीसी उपाध्याय देवनंदन प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, ब्रजमोहन राम, जिला परिषद सदस्य रमेश राम, कामेश्वर प्रजापति, मंटु ठाकुर, रामकुमार प्रसाद, दिनेश गंझु, संजय केसरी, प्रभु यादव, महेश यादव, रूपेश यादव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भंडरा प्रखंड अंतर्गत मसमानो गांव के सोमवार बाजार प्रांगण में 5 जून 2023 को समय 8:00 बजे से पंचायत वासियों के पहल मार्गदर्शक एजुकेशन रांची के द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह 2023 कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें पंचायत अंतर्गत मसमानो, बेदाल, बुड़का व टोटो गांव के बच्चे बच्चियां जो इस वर्ष 10वीं एवं 12वीं (आर्ट्स, कॉमर्स व साइंस संकाय) से उत्तीर्ण हुए हो उन्हें कार्यक्रम के माध्यम से सम्मानित किया जायेगा। इसकी जानकारी देते हुए मसमानो पंचायत की मुखिया ममता कुमारी ने बताया की इसके अलावा इंस्पायर अवार्ड के विजेता किरण कुमारी एवं मिस्टर एशिया के रनर अप रहे रवी गोप जैसे प्रतिभावान लोगों को भी सम्मान दिया जाएगा। इसके लिए सभी ग्राम वासियों से सहयोग करने की अपील की है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर आलोक कुमार, निदेशक मार्गदर्शक एजुकेशन सह निदेशक, आरजीसी कोडरमा कालेज आफ इंजीनियरिंग, सह एडवाइजर निलय इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी रांची, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक गणेश लाल, पंचायत समिति सदस्य बिपता उरांव, मालती कच्छप, समाजसेवी संजय खत्री, किशोरी मोहन शर्मा, कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी सहित अन्य शामिल होंगे।

# किस्को में गैंगरेप, चार आरोपी गिरफ्तार

**दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस को सौंपा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ चार युवकों के द्वारा सामूहिक रूप से दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के तिसिया गांव में बीते 2 जून की रात्रि में एक विवाह समारोह में शामिल होने अपने मंगेतर के साथ युवती आयी हुई थी। इधर शादी समारोह में भाग लेने के बाद जब युवती अपने मंगेतर के साथ अपने घर जाने के लिए निकली इसी दौरान पहले से उक्त युवती पर नजर रख रहे चारों युवकों के द्वारा घर जाने के क्रम में युवती के मंगेतर को बंधक बनाकर सलैया जंगल में सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। इस संदर्भ में किस्को थाना कांड संख्या 17/23 धारा 323,376 डी 506/34 भादवि की धाराओं के तहत मामला दर्ज करते हुए किस्को थाना पुलिस सभी आरोपियों को जेल भेज आगे की कार्रवाई में जुट गई है। इस संदर्भ में पत्रकारों को जानकारी देते हुये थाना प्रभारी पॉलीकार्प टोप्पो ने बताया कि दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले नामजद अभियुक्त 24 वर्षीय अनिल मुंडा पिता सतन मुंडा साकिन सलैया , विश्वनाथ सुरीन पिता बिरसा मुंडा साकिन तिसिया चट्टी टांड़ एवं गरीबा मुंडा पिता डूका मुंडा डहरबाटी व एक नाबालिग युवक के द्वारा तिसिया में विगत दो जून को एक विवाह समारोह में शामिल होने आई युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता के लिखित बयान पर किस्को थाना में मामला दर्ज करते हुए सभी आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। आगे थाना प्रभारी पॉलीकार्प टोप्पो ने बताया कि अभियुक्तों ने सलैया जंगल में युवती के साथ दुष्कर्म करने के बाद मौके वारदात से फरार होने की फिराक में थे, इसी दौरान आसपास के ग्रामीणों के द्वारा सभी आरोपियों को घटना स्थल पर ही पकड़कर पुलिस के हवाले सुपुर्द किया गया। तत्पश्चात आरोपियों को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल किये जाने पर चारो युवकों के द्वारा युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म किये जाने की बात स्वीकार किया गया। इधर थाना प्रभारी ने बताया कि युवती का मेडिकल जांच कराते हुए घटना की सभी पहलुओं पर बारीकी से जांच पड़ताल की जा रही है। मौके पर सब इंस्पेक्टर सुखराम उरांव और किस्को थाना के पुलिस बल मौजूद थे।

## जल मीनार के निर्माण में गड़बड़ी, ग्रामीणों ने किया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार सदर प्रखंड के पांडेपुरा पंचायत के बुचीदाड़ी ग्राम में लगे सोलर जलमीनार में भारी अनियमितता बरती जा रही है। बिना बोरिंग किए मृत पड़े बोरिंग में डाल रहे थे मोटर ग्रामीणों ने रोका। वहीं ग्रामीणो ने बताया कि मृत बड़े बोरिंग में हि समरसेबुल डाल रहे थे, मना करने पर मुंशी प्रमोद यादव ने धमकी भरे लफ्जों में कहां की मोटर तो इसी बोरिंग में डलेगा जो करना है कर लो, हम सभी ग्रामीणों ने एक साथ मिलकर इसका जोरदार विरोध किए तो मुंशी और इसमें काम कर रहे लोग अपने सामान उठाकर यहां से चले गए। वहीं ग्रामीणों ने आगे बताया कि मृत पड़े बोरिंग में जब हम लोग बांस और रस्सी बोरिंग के अंदर डालकर देखे तो पता चला कि बोरिंग 30 से 40 फीट ही गड़ा है। ग्रामीणों ने बताया कि अधिकृत एजेंसी व विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से अब तक लोगों के लिए हर घर नल का जल सपना ही बना हुआ है। यहां सिर्फ और सिर्फ सरकारी योजनाओं के नाम पर सरकारी धनराशि की लूट मची हुयी है। जहां जिसको जिस तरह मौका मिल रहा है वहां उसी तरह सरकारी धनराशि की लूट मची हुयी है। ठेकेदार व विभागीय मिलकर सरकार को लगा रहे हैं लाखों का चूना।

इस विषय में जब मुखिया संजय उरांव से बात किया गया तो मुखिया संजय उराव ने बताया कि जब बोरिंग किए ही नहीं है तो पाइप नहीं डलेगा। दूसरा मृत हुए बोरिंग में पाइप नहीं डाल सकते हैं उन्होंने यह भी कहा कि पहले बोरिंग कीजिए बोरिंग में पानी नहीं निकलता है तब फ्रीफैंस देते हैं कि आप दूसरा बोरिंग में पाइप डाल सकते हैं नहीं तो आप नहीं डाल सकते हैं यह नियम के विरुद्ध है ऐसा करने पर हम कार्रवाई करेंगे। वही मौके पर दया कुमारी, सावित्री देवी, सरहुली देवी, इंद्रमणि देवी, सालों देवी, अनीता देवी, सुमन देवी, कविता देवी, संगीता देवी, मुन्नी देवी, फुल कुमारी, कपिल देव उराव, विष्णु देव उरांव, सुधीर पन्ना समेत दर्जनों महिला पुरुष मौजूद थे।

# सड़क हादसों में चार लोग घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र में दो अलग अलग जगहों पर सड़क दुर्घटना में बच्ची सहित चार लोग घायल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में कराया गया इलाज। जानकारी के अनुसार सेन्हा नवटोली निवासी उमेश उरांव की पत्नी पिंकी उरांव टेम्पू से स्वास्थ्य केन्द्र भंडरा जा रही थी उसी दौरान टेम्पू जेएच 24 एफ 9784 अनियंत्रित हो पलट गया जिसे पिंकी उरांव और उसकी डेढ़ वर्षीय पुत्री रितिका उरांव को हल्की चोटें लगी घायलों को इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेन्हा लाया गया। पुसो थाना क्षेत्र के लरंगो बाजार से आने के क्रम में बदला महादेवटोली निवासी स्व एतवा उरांव का पुत्र जीतराम उरांव और बगडू थाना क्षेत्र के पतरातू निवासी बुधुवा उरांव का पुत्र सुखराम उरांव सेन्हा थाना अंतर्गत भड़गांव के समीप मोटरसाइकिल अनियंत्रित होने से गिर गये जिसे दोनों का चेहरा में हल्की चोटें आयी है। वही सभी का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेन्हा में कराया गया। इलाज के उपरांत सभी घायलों को घर भेज दिया गया।

## रांची सांसद संजय सेठ से भाजपा नेताओं ने की भेंट

# एक्सप्रेस ट्रेनों का लोहरदगा में ठहराव की मांग की



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** दक्षिणी छोटानागपुर में रेलवे की सुविधा बढ़ाने हेतु लगातार प्रयासरत रांची के सांसद संजय सेठ लोहरदगा में एक निजी कार्यक्रम के दौरान के उपरांत भाजपा नेता ओमप्रकाश सिंह, देवाशीष कार, राजकिशोर महतो, संजय बर्म्मन अजय पंकज, विजय गुप्ता आदि के साथ बैठक की तथा रेलवे संबंधित जानकारी हासिल की। भाजपाइयों ने बताया कि यह क्षेत्र बॉक्साइट, कोयला, पर्यटन, कृषि की बहुलता का क्षेत्र है तथा रेलवे के विस्तार से यहां के छात्र-छात्राएं, सेना के जवान, मरीज, किसान, व्यापारी ,सरकारी गैर सरकारी नौकरी पेशा कर्मी व आमजन को काफी सहूलियत होगी तथा आर्थिक संपन्नता बढ़ेगी। इसलिए रांची वाराणसी का परिचालन वाया लोहरदगा हो तथा इसका विस्तार लखनऊ तक किया जाये। पलामू एक्सप्रेस का परिचालन रांची से प्रारंभ करके वाया लोहरदगा किया जाये। रांची मुंबई एलटीटी साप्ताहिक एक्सप्रेस का परिचालन वाया लोहरदगा से किया जाये। रांची अजमेर (गरीब नवाज एक्सप्रेस )जो कोविड-19 के कारण बंद है उसे पुनः परिचालन करते हुये वाया लोहरदगा से किया जाये। रांची सासाराम एक्सप्रेस का विस्तार पंडित दीनदयाल उपाध्याय (मुगलसराय) तक किया जाये.। टोरी रेलवे स्टेशन में शीघ्रतम फ्लाइओवर बनाया जाये। हटिया स्टेशन के भार को देखते हुए लोहरदगा में रेलवे यार्ड बनाया जायें। नई ट्रेन हमसफर एक्सप्रेस को रांची से नई दिल्ली प्रारंभ किया जाये तथा वाया लोहरदगा होकर चलाया जाये । लोहरदगा में द्वितीय श्रेणी तथा वातानुकूलित प्रतीक्षालय की व्यवस्था की जाये। रांची रेलवे स्टेशन में लोहरदगा के लिए विशेष काउंटर तथा प्रवेश द्वार बनाए गए जो कोविड-19 के कारण बंद है उसे पुनः खोला जाये। क्षेत्र के लोगों को साउथ इंडिया जाने में कठिनाई को देखते हुये यशवंतपुर एक्सप्रेस का प्रतिदिन परिचालन किया जाये। इस पर सांसद सेठ ने कहा कि वह शीघ्र ही क्षेत्रीय सांसद सुदर्शन भगत तथा चतरा सांसद सुनील सिंह को लेकर केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से भेंट करके बात को रखेंगे।

## दो पत्रकारों के आकस्मिक निधन पर शोक





**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** पलामू प्रमंडल के दो वरिष्ठ पत्रकारों के शनिवार को आकस्मिक निधन होने पर प्रखंड के पत्रकारों ने शोक व्यक्त किया है। जानकारी के अनुसार लातेहार जिले के हेरहंज थाना अंतर्गत नवादा गांव के समीप शनिवार को एक कार दुर्घटना में लातेहार के वरिष्ठ पत्रकार कौशल किशोर पांडेय का देहांत हो गया। वहीं प्रमंडल के हुसैनाबाद के वरिष्ठ पत्रकार परमानंद चौधरी का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। इन दोनों पत्रकारों के आकस्मिक निधन पर प्रखंड के पत्रकारों ने शोक व्यक्त करते हुये इनके परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट किया है। इन दोनों पत्रकारों की आकस्मिक निधन से लातेहार जिला समेत प्रमंडल में एक अपूरणीय क्षति हुई है। शोक व्यक्त करने वालो में संजय कुमार, प्रमोद कुमार, रवि कुमार गुप्ता नंदकिशोर प्रजापति, पंकज गिरी, सुमित कुमार, शशि शेखर, अर्जुन विश्वकर्मा, सन्तोष कुमार, अख्तर अंसारी, आरएन पाठक, सावन कुमार, प्रमोद ठाकुर, प्रमोद रजक समेत कई पत्रकारों ने शोक और गहरी संवेदना व्यक्त की है।

## संगठन की मजबूती को लेकर बैठक




**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** संगठन की मजबूती को लेकर रविवार को भारतीय जनता पार्टी के मंडल कार्यसमिति की बैठक बरवाडीह प्रखण्ड खुरा मे मंडल अध्यक्ष विकास सिंह के आवास में हुई। जिसमें केंद्र की सरकार द्वारा जनकल्याण के लिए चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी गांव गांव तक पहुंचाने के रणजीत बनायी गयी। व फिर से प्रदेश में पार्टी की सरकार बने इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को गांव गांव लोगों के घरों में जाकर केंद्र की मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रही सरकारी योजनाओं की जानकारी दें। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले गरीब पात्र लाभार्थियों को वृद्धा, विधवा पेंशन, आवास व अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाएं ताकि हर गरीब तक सरकारी मदद पहुंच सके। साथ ही 5 जून से 6 जून और 19 जून से 20 जून तक नव लाभार्थी के पास पहुंच उनका 30 सेकेंड का डॉक्यूमेंरी बनाना हैं और उसे सरल एप्प पर उपलोड करना हैं। 7 जून 10 जून तक नव मतदाता सम्मेलन ,10-20 बाइक रैली (नुक्कड़ सभा करना हैं,पर्ची बाटना हैं) 25 जून को ऑनलाइन क्यूज प्रतियोगिता करना हैं। इस मौंके पर उपप्रमुख बीरेंद्र जायसवाल, अजय चंद्रवंशी, मनोज यादव, प्रवीण कुमार, सुनील सिंह, मनोज प्रसाद, अजय प्रसाद, पारस जायसवाल उपाध्यक्ष अभिषेक कुमार, गौरव सिंह, प्रदीप राम, मनीष कुमार,अनिल कुमार ठाकुर, गुप्तेश्वर प्रसाद सिंह मौजूद रहे।

## आवास नहीं रहने के कारण हो रही है परेशानी



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार सदर प्रखंड के सांसग पंचायत के समीप सांसग ग्राम निवासी सलमा बीवी जो शारीरिक रुप विकलांग है जिसे अब तक प्रधानमंत्री आवास से वंचित कर दिया गया है। भुक्तभोगी सलमा बीवी ने बताया कि आवास नहीं होने के कारण हम लोगों को रहने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है सबसे ज्यादा परेशानी तो तब होती है जब बरसात का पानी घर में प्रवेश कर जाता है जिस कारण हम लोगों को रहने में काफी दिक्कतें हो रही है। घर का ठाट वास भी कमजोर हो गया है घर की दिवाले भी कमजोर हो गई है। जिस कारण डर सा लगा रहता है कि कहीं कोई बड़ी अनहोनी ना हो जाए। आगे बीबी ने कहा कि हम शारीरिक रूप से भी विकलांग हैं। घर में कमाने वाला कोई नहीं है जिस कारण भी घर की मरम्मत करा नहीं पा रहा है। हम जैसे तैसे गांव में ही किराना का दुकान चलाकर परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं। हम लोग छः परिवार हैं और सभी इसी घर में रहते हैं जिस कारण रहने में भी दिक्कतें हो रही है। आगे उन्होंने ने बताया कि हमने कई बार ग्राम सभा में नाम चढ़ाया जिसके बावजूद भी हम लोगों को आवास से वंचित कर दिया गया है इस समस्या को लेकर हमने ब्लॉक परिसर का चक्कर लगाते रहे। मगर आज तक कोई पहल नहीं की गई है। क्या कहते हैं मुखिया प्रतिनिधि मंगल देव उराव ने बताया कि एसीसी डाटा में नाम नहीं होने के कारण आवास नहीं मिल पा रहा है। इस मामले को लेकर हम प्रखंड विकास पदाधिकारी से बात कर बहुत जल्द ग्रामसभा और एसीसी डाटा में नाम जुड़वा कर इनको आवास का लाभ दिया जायेगा।

## बेरमो की खबरें

# दस दिनों में लगेगा 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर: जयमंगल



आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो / बेरमो।** फुसरो बाजार में लगातार बिजली की बदतर स्थित जारी है। बिजली की खराब स्थित से व्यासायी परेशान है। फुसरो बाजार का सारा व्यवसाय लगभग चौपट हो रहा है। बिजली की बदतर आपूर्ति को लेकर बेरमो प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार चांडक ने बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह से उनके ढोरी स्थित आवास पर मिलकर एक ज्ञापन दिया। चांडक ने विधायक को बताया की फुसरो विद्युत सब स्टेशन में अत्यधिक लोड रहने के वाबजूद आपूर्ति बाधित हो रही है। जिस कारण फुसरो बाजार के लगभग दो हजार व्यापारी सहित शहर के निवासियों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। महिलाए और बच्चो का इस भीषण गर्मी में हाल बेहाल है। बच्चो का पढ़ाई चौपट हो गया है। चांडक ने बताया फुसरो सब स्टेशन में 10 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर लग जाने से स्थिति में सुधार हो सकता है। साथ ही कहा की फुसरो में लगभग ट्रांसफार्मर बिना एबी स्विच के है। जिस कारण किसी भी ट्रांसफार्मर में बिजली खराब होने पर उसके मरम्मत हेतु सब स्टेशन से पूरे फुसरो की बिजली बंद कर उसे बनाया जाता है। जिससे बार बार फुसरो की बिजली आपूर्ति बाधित होती है।

सभी बाते सुनने के बाद विधायक कुमार जयमंगल ने झारखण्ड बिजली वितरण निगम के निदेशक केके वर्मा से फोन पर सारी समस्या को बताए। इस पर निदेशक वर्मा ने विधायक कुमार जयमंगल को आश्वस्त किया की 10 दिनों के अंदर फुसरो सब स्टेशन को 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर मिल जायेगा। साथ ही फुसरो के सभी ट्रांसफार्मर में जल्दी ही एबी स्विच लगाने की प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी। कुमार जयमंगल ने कहा की कोई भी समस्या का निवारण होना चाहिए। मैं दिखाने पर नहीं समस्या का हल किस स्तर पर हो इस पर विश्वास रखता हूं।

# नेपाल से पदक लेकर लौटे बेरमो के कराटेकारों को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** नेपाल में आयोजित नौवें माउंट एवरेस्ट इंटरनेशनल चैंपियनशीप से जीतकर लौटे बेरमो के सभी 7 बच्चों को अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने आज बुके देकर मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अनिल अग्रवाल ने कहा कि इस छेत्र में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। सभी बच्चों ने झारखंड सहित भारत का नाम रौशन किया है। हम सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। कराटे चैम्पियनशीप के अध्यक्ष शिहानं उमेश नायडू ने बताया कि इस चैंपियनशिप में भारत के अलावा नेपाल पाकिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, जापान, सिंगापुर के करीब 800 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। जिसमें करगली बाजार निवासी देव नायडू को गोल्ड मेडल, सिंगार बेड़ा ढोरी बस्ती की रेशमी कुमारी को सिल्वर मेडल, रेवाहघाट ढोरी बस्ती निवासी अन्नू कुमारी को सिल्वर मेडल, फुसरो निवासी श्रेया अग्रवाल को सिल्वर मेडल, ढोरी बस्ती भोला नगर निवासी साहिल कुमार भी शामिल हैं। कार्यक्रम में उपस्थित संस्था के बिहार प्रभारी गौरव अग्रवाल सहित सभी लोगो ने बच्चों को किसी भी सहयोग और सहयोग का आश्वासन दिया। कहा कि उमेश नायडू ने बेरमो में रहकर अपने छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर भारत के लिये पदक जीताकर बेरमो का सम्मान बढाया है।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 05 जून, 2023
www.azadsipahi.in
09

# सिसई में भाजपा का जनसंपर्क अभियान चला

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** केंद्र में मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरे करने के अवसर पर प्रदेश भाजपा के निदेर्शानुसार महा जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा सिसई व पुसो मंडल द्वारा नवनिर्मित बीएन जालान कॉलेज भवन परिसर में विकास तीर्थ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम आयोजन का दायित्व कार्यक्रम के संयोजक सह प्रदेश मीडिया प्रभारी अमन यादव और अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण यादव ने की। इस अवसर पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह पूर्व स्पीकर डॉ दिनेश उरांव ने विगत नौ वर्षो से केंद्र में भाजपा की सरकार व वर्ष 2014-19 तक राज्य में रघुवर दास की सरकार में जनता और क्षेत्र के विकास की योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार लगातार देशवासियों के सवार्गीण विकास और विश्व पटल पर देश को अग्रणी पंक्ति में खड़ा करने का काम किया है। देश के हर वर्ग के लोगों मजदूरों, किसानों, देश की सुरक्षा में तैनात सैनिकों, सरकारी व गैर-सरकारी संस्थानों के कर्मचारियों-अधिकारियों सभी के हित में केन्द्र की सरकार ने काम किया है। वहीं उन्होंने कहा कि 2014-19 की भाजपा नेतृत्व मे राज्य की रघुवर दास की सरकार के कार्यकाल के दौरान सिसई विधानसभा से विधायक व तत्कालीन विधानसभा के स्पीकर के पद पर रहते हुए उन्हें जनता के हित को ध्यान में रखते हुए अनगिनत महत्वाकांक्षी व जनकल्याणकारी कार्य करने व जनता की सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस दौरान सिसई विधानसभा के सिसई, भरनो, बसिया और कामडारा चारों प्रखंड में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, आवागमन और सुरक्षा को लेकर अनेक कार्य किया गया। शिक्षा क्षेत्र में विद्यालयों और महाविद्यालयों में नये भवनों व चारदीवारी निर्माण, पेयजल व्यवस्था, उच्च शिक्षा के नये माध्यमों का विकास सहित अनगिनत योजनाओं से शैक्षणिक संस्थानों को अच्छादित किया गया। वहीं डॉ दिनेश उरांव ने कार्यकर्त्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा और मोदी की बढ़ती लोकप्रियता से घबराकर राष्ट्र विरोधी गठबंधन महागठबंधन के रूप में सामने आया है। उन्होंने कार्यकर्त्ताओं से अपने क्षेत्र के हर गांव टोलों के घर-घर जाकर जनता तक भाजपा सरकार की उपलब्धियों और जन कल्याणकारी योजनाओं को बताने और आने वाले समय में लोकसभा व विधानसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में केन्द्र व राज्य सरकार के गठन के लिए जनता को प्रेरित करने की बात कही।






### ये मौके पर उपस्थित थे

निरंजन सिंह, अनिल साहु, लालमोहन साहु, लक्ष्मी नारायण यादव, सुमित महली, अमन यादव, वसंत यादव, सुखलाल राय, दीपक गुप्ता, विरेन्द्र तत्वा, चरवा उरांव, संजय महतो, सत्यनारायण भगत, नन्दकिशोर सिंह, प्रवीण ओहदार, सोमेश्वर उरांव, वसंत उरांव, सतीश मिश्रा, बालेश्वर उरांव, रिचर्डसन एक्का, नीलकंठ केशरी, रवि सोनी, बसंत साहु,हेमा गुप्ता सहित कई भाजपा कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

## ग्रामीणों के बीच समन्वय स्थापित करने पर चर्चा



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** थाना के अंतर्गत अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र हरैया गांव मे पुलिस एवं ग्रामीणों के बीच समन्वय स्थापित करने पर चर्चा किया गया। मौके पर थाना प्रभारी ने स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं करचा, निरासी, बोरहा सहित क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ बैठक कर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीणों डायन बिसाही, नशा पान, घरेलु विवाद जैस अंधविश्वास के मायाजाल में फंसे हुए हैं आज लोगों को शिक्षित एवं जागरूक होने की जरूरत है हर मां बाप अपने बच्चे बच्चियों को शिक्षा की कड़ी से जोड़ने का हर संभव प्रयास करना चाहिए। क्षेत्र में शिक्षा की कमी होने के कारण युवा युवती गलत संगत में रहकर नक्सल जैसे गलत काम मौका हाथ थाम लेते हैं अगर क्षेत्र के कोई भी गलत राह पर चल गया है तो उसके लिए सरकार बहुत ही अच्छा पॉलिसी लाई है और उसका फायदा उठाना चाहिए और मुख्यधारा में आकर अपने आप को रोजी रोजगार से जोड़ सकते हैं उन्होंने यह भी कहा कि आपको किसी भी प्रकार का कोई समस्या आती है तो हमें बेहिचक अपनी समस्याओं साझा करने का प्रयास करें मैं हर संभव आपकी समस्या का समाधान करने का प्रयास करूंगा। इस मौके पर सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट सुधीर कुमार, निरासी मुखिया पार्वती कुजुर वार्ड सदस्य ग्राम प्रधान सहित कई लोग मौजूद थे।

# पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति की समीक्षा बैठक में बनी आगामी आंदोलन की रणनीति

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति की बैठक रौनियार धर्मशाला पालकोट रोड में अयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष उदासन नाग ने की। बैठक में मुख्य रूप से किए गए आंदोलन की समीक्षा की गई। समीक्षा में मुख्य रूप से आंदोलन की सफलता पर सभी आन्दोलन को धन्यवाद दिया गया। साथ ही बैठक में सभी समाज के लोगों के सदस्यों को 25 मई को मशाल जुलूस कार्यक्रम और 26 मई की बंदी के लिए सहयोग करने के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही उम्मीद जताई कि आगे जो आंदोलन होगा उसमे सभी भरपुर सहयोग मिलेगा। बैठक में आगे के आंदोलन की रूपरेखा तय की गयी। उन्होने मांग की कि सभी सातों जिलों के तमाम पिछड़ी जाति के सभी समाज के सदस्य मिल कर महामहिम राज्यपाल के आवास का घेराव कर पिछड़ी जातियों को आरक्षण दिया जाय जो वर्तमान में रोस्टर के तहत जीरो कर दिया गया है। सभी जिलों से कम से कम 500 पिछडे समाज सदस्यों के शामिल होने का निर्णय लिया गया। धरना के उपरांत महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा जायेगा। केंद्रीय समिति मशविरा लेकर तिथि का निर्धारण किया जायेगा। जिसकी सूचना सभी जिला के अध्यक्ष को दी जायेगी। साथ ही बैठक में निर्णय लिया गया कि जिस प्रखंड में प्रखंड कमेटी बन गयी है वह प्रखंड कमेटी पंचायत कमेटी बनाएंगे। साथ ही जिस प्रखंड में कमेटी नहीं बनी है उन प्रखंड में प्रखंड कमेटी यथाशीघ्र बनाया जायेगा। इस बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय महासचिव दिलीप नाथ साहू, केंद्रीय कोषाध्यक्ष शिवदयाल गोप, मुख्य संरक्षक मुनेश्वर साहू, सिमडेगा के जिला संरक्षक राम कैलाश राम, महिला जिला अध्यक्ष सिमडेगा, कमला कुमारी, गुमला जिला अध्यक्ष अशोककुमार यादव, जिला कोषाध्यक्ष गुमला सतीश कुमार साहू, केंद्रीय संगठन सचिव राम प्रसाद साहू, केंद्रीय प्रवक्ता नंदलाल कुमार, अजीत विश्वकर्मा, अशरफ राय, राजेंद्र प्रसाद साहू, प्रहलाद नाथ, नरेश गुप्ता सिमडेगा, बृजमोहन यादव, केंद्रीय उपाध्यक्ष जागेश्वर सिंह, चंद्रनाथ प्रसाद, मोहम्मद सद्दाम, रांची जिला से भूखन साहू, हीरा लाल साहू, केंद्रीय सलाहकार राजेश खन्ना, नाई समाज के जिला अध्यक्ष दीपू कुमार ठाकुर, कैलाश साहू, अजीत राम, बहादुर साहू, देवानंद यादव, दिलीप गोप, सुनील कुमार भग, त सिसई संतोष कुम्हार इत्यादि लोग उपस्थित थे।




### कबाड़ महोत्सव का समापन कल, उत्कृष्ट सहभागियों को किया जायेगा पुरस्कृत

# शहरी विकास अभिकरण (सूडा) निदेशक ने 'कबाड़ महोत्सव' की सराहना की



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला नगर परिषद द्वारा एक सप्ताह तक आयोजित किये गये कबाड़ महोत्सव का समापन कल किया जाएगा। इस दौरान आयोजित कार्यशालाओं तथा प्रशिक्षणों से न केवल शहर के युवाओं और गृहणी महिलाओं ने कबाड़ से निर्माण की दिशा में रचनात्मक प्रयास शुरू किये हैं बल्कि नगर परिषद के अभियंताओं ने भी इस दिशा में धरातल पर कई कार्य आरंभ कर दिए हैं। और तो और शहर के कबाड़ व्यवसायियों ने भी अपने यहां मौजूद कबाड़ वस्तुओं से कुछ रचनात्मक चीजें बनाने का काम शुरू किया है। कुछ ऐसा ही आजाद बस्ती हुसैन नगर के एक कबाड़ व्यवसायी ने कबाड़ महोत्सव से प्रभावित होकर सैकड़ों खाली प्लास्टिक बोतलों की मदद से एक नाव का आकार दिया है। वे इसे नगर परिषद को सौंपेंगे। इस नाव का उपयोग किसी बड़े तालाब में फ्लोटिंग गार्डन बनाने में उपयोग किया जा सकेगा। नगर परिषद के प्रशासक संजय कुमार ने कहा कि यदि शहर के लोग इसी तरह कबाड़ चीजों का सदुपयोग करेंगे तो शहर में कबाड़ की मात्रा को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकेगा।

### सूडा निदेशक ने 'कबाड़ महोत्सव' को नवाचारी बताते हुए प्रशंसा की

झारखंड राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) निदेशक अमित कुमार ने गुमला में आयोजित हुए इस कबाड़ महोत्सव की सराहना की है। अमित कुमार ने कहा, दुनिया भर के शहरों में बढ़ रही कबाड़ की मात्रा भविष्य में कचरा निस्तारण के लिए बड़ी चुनौती होगी। इसको लेकर हमें यथाशीघ्र रिड्यूस, रीयूज और रीसाइकिल के सिद्धांतों को अपनाना होगा। गुमला नगर परिषद के द्वारा आयोजित कबाड़ महोत्सव इन्हीं '3 आर' सिद्धांतों पर आधारित छोटा सा प्रयास है। निकाय द्वारा किया जा रहा है यह नवाचार प्रशंसनीय है।

**समापन कल :** नगर परिषद प्रशासक संजय कुमार ने बताया कि 29 मई से 5 जून तक चलने वाले इस कबाड़ महोत्सव का समापन कल विश्व पर्यावरण दिवस पर किया जायेगा। समापन दिवस पर इस आयोजन में सक्रिय सहभागिता निभाने वाले कई लोगों को पुरस्कृत भी किया जायेगा।

### कांग्रेसियों ने की मांग, दोषी पर चले हत्या का मुकदमा

# रेल मंत्री को फौरन इस्तीफा देना चाहिए : फिरोज

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** उड़ीसा के बालासोर में हुए रेल हादसे में लगभग 300 मौत की खबर से पूरा देश आहत है। यह रेल मंत्रालय की लापरवाही और मोदी सिस्टम की विफलता है। उक्त बातें कांग्रेस के जिला महासचिव मो. फिरोज आलम ने कही। उन्होंने कहा कि रेल मंत्री को फौरन इस्तीफा देना चाहिए और दोषियों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार निर्लज, लापरवाह और स्वार्थी है। इस संप्रदायिक सरकार को भारतीयों के जान की परवाह नहीं है। लाशों पर राजनीति करके सत्ता हासिल करने वाली सरकार को रेल हादसे में मारे गए बेकसूर, बेगुनाह भारतीय रेल यात्रियों के परिजनों का दर्द क्या समझ में आयेगा। फिरोज आलम ने यह भी कहा कि वर्ष 1956 में जब कांग्रेस की सरकार थी, तब महबूबनगर में एक रेल हादसा हुआ था जिसमें 112 लोगों की मौत हुई थी। इस घटना के तुरंत बाद तत्कालीन रेल मंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने इस्तीफा दे दिया था। जिसे तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने स्वीकार नहीं था। लेकिन दुर्भाग्यवश 3 महीने के बाद ही अरियालूर में फिर रेल हादसा हो गया। जिसमें 114 लोगों की मौत हो गई। इस बार फिर लाल बहादुर शास्त्री ने इस्तीफा दे दिया। लेकिन इस बार के इस्तीफे को तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू ने स्वीकार किया और कहा कि इस्तीफा स्वीकार इसलिए किया जा रहा है कि यह आने वाले भारत देश के लिए एक मिसाल बने। लेकिन वर्तमान में केंद्र की भाजपा सरकार के पास ना तो कोई नजरिया है और ना ही लाज। उन्हे भारत से नहीं, सत्ता से प्यार है।



## बालासोर रेल दुर्घटना केंद्र सरकार की विफलता है : विजय सिंह

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने उड़ीसा के बालासोर में हुई रेल दुर्घटना को मोदी सरकार की लापरवाही का परिणाम बताते हुए रेल दुर्घटना में मारे गये सैकड़ों यात्रियों की मौत पर दल की ओर से गहरा दुख प्रकट किया और घायलों के प्रति भी सहानुभूति जताया है। श्री सिंह ने कहा है कि अच्छे दिन व सुलभ और सुरक्षित रेल सेवा यात्रा देने के नाम पर रेल का किराया बेहिसाब बढ़ाने वाली मोदी सरकार आज तक रेल दुर्घटना रोकने के लिए रेल में कवच जैसा यंत्र तक लगा नहीं पायी है। वहीं सस्ती लोकप्रियता के लिए बड़ी-बड़ी बात करने वाली सरकार को बालासोर रेल दुर्घटना के लिए जवाबदेही तय करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि बालासोर रेल दुर्घटना महज एक हादसा नहीं है बल्कि मोदी सरकार की विफलता को बालासोर रेल दुर्घटना दशार्ती है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

## बीस सूत्री उपाध्यक्ष और पूर्व मुखिया अंतिम संस्कार में शामिल हुए



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा बीससूत्री उपाध्यक्ष सह पूर्व मुखिया हरि उरांव के अंतिम संस्कार में आरंगी गांव में जुटे सैकड़ों लोग, लोगों ने किया दुख प्रकट घाघरा बीससूत्री उपाध्यक्ष सह पूर्व मुखिया हरि उरांव का अंतिम संस्कार में रविवार को देर शाम साढ़े 5 बजे उनके पैतृक गांव आरंगी में सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष शामिल हुए। रिम्स रांची से शव का पोस्टमार्टम के बाद आरंगी गांव पहुचने पर पूरा गांव गमगीन हो गया। लोगों की आंखे नम हो गयी। यहां बता दे कि शनिवार को हरि उराव खंभिया गांव मेहमानी के लिए गए थे। इसी बीच दिन के 10 बजे कोयल नदी में नहाने गये थे। जैसे ही कोयल नदी में छलांग लगाया उन्हें अंदरूनी चोट लगी और घायल हो ग्ये। जिसके बाद साथ नहाने गए अन्य साथी घायल अवस्था मे उन्हें सदर हॉस्पिटल गुमला ले गए जहां से हरी उरांव को चिकित्सको ने गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया जहा देर शाम 7 बजे रांची रिम्स में उनकी मौत हो गयी। यहां बता दें कि हरि उराव अपने पीछे अपनी पत्नी तीन लड़की एक लड़का को छोड़ गये। लोगों ने कहा कि हरि उराव बहुत ही सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। अपने कार्यो के प्रति कर्तव्यनिष्ठ थे। वही अंतिम संस्कार में शामिल और दुख प्रकट करने वालो में बिशुनपुर विधानसभा विद्यायक प्रतिनिधि संजय उरांव, विधयाक प्रतिनिधि संजीव उरांव, जिला परिषद सदस्य जेंगा उरांव, मानती उरांव, चंद्रदेव उरांव, कृष्णा कुमार लोहरा, रवि पहान, राजिंदर उरांव, चंद्रदेव उरांव, भिनेश्वर भगत, बालकिशुन उरांव, समीर उरांव, झरी उरांव, सुखराम उरांव, शिला कुजूर, बॉबी भगत, मुखिया लोदो एक्का, बिनोद उरांव, चांदनी उरांव, अंगनि उरांव, फगुआ उरांव, कपिल उरांव, बेचन उरांव, कृष्णा उरांव, प्रकाश उरांव, सरोजनी किरण भगत, जसवंत महतो सहित कई महिला-पुरुष थे।

## नदी में शव मिला, जांच में जुटी पुलिस

**बसिया (आजाद सिपाही)।** हसुआ टोली स्थित कोयल नदी में शनिवार की सुबह एक व्यक्ति का शव मिला। शव की पहचान मझकेरा पाहनटोली निवासी 55 वर्षीय रीमिस कुल्लू पिता करलूस कुल्लु के रूप में हुई। जिसके बाद परिजनों और पुलिस को सूचना दी गयी। वहीं परिजनों ने बताया मृतक तेतरा गांव में आयोजित नाटक प्रोग्राम देखकर शुक्रवार की रात 12:00 बजे घर लौट रहा था। वह शॉर्टकट कोयल नदी होकर अपने घर आ रहा था। उसकी मौत कैसे हुई इसके स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पा रही है। वहीं पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि उसकी हत्या हुई है या दुर्घटना। व्यक्ति मुंह के बल नदी में पडा था। हालांकि उसके शरीर में खरोच के निशान भी मिले हैं। वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। हालांकि मौत के असली कारणों का पता नहीं चल पाया है। इधर शनिवार को सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम हुआ जिसके बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

## बेटे ने की पैसे की मांग, नहीं देने पर वृद्ध मां-बाप और बहन को जान से मारने की दी धमकी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शराब के नशे में धुत कलियुगी पुत्र ने पैसे के लिए अपनी मां 80 वर्षीय नगिया उरांव, पिता 85 वर्षीय सुकरा उरांव और बहन जितनी मिंज को के साथ मारपीट की और जान मारने की धमकी भी दे डाली। घटना सदर थाना क्षेत्र के सोसो की है। इस संबंध में जितनी मिंज ने गुमला थाना में अपने भाई के खिलाफ लिखित शिकायत की है। जिसमें कहा है कि उसके बूढ़े माता पिता मेरे साथ रहते हैं। उसका भाई बूढ़े मां बाप से तीन लाख रुपये की मांग कर रहा है और मारपीट करता है। वही जान मारने की भी धमकी दिया है। पीड़िता ने बताया कि पूर्व में भी मेरे भाई ने हम लोगों से मारपीट की है और पैसे की मांग करता है। पैसा नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देता है। शनिवार को भी वह पैसे की मांग कर रहा था जिसके बाद लाठी लेकर हम लोगों को मारने लगा। पीड़ित ने थाना को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

## मारवाड़ी युवा मंच की प्रेरणा शाखा ने राहगीरों को पिलाया मट्ठा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** मारवाड़ी युवा मंच की प्रेरणा शाखा ने रविवार को राहगीरों के बीच मट्ठा वितरण किया। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे बड़ा दुर्गा मंदिर, सब्जी मार्केट के समीप अयोजित किया गया। पदाधिकारियों ने बताया कि भीषण तपती गर्मी को देखते हुए इस से निजात पाने के लिए लगभग 300 राहगीरों को मट्ठा पिलाया गया। मौके पर अध्यक्ष शिल्पा अग्रवाल ने कहा कि दूर दराज गांव से पैदल, साइकिल व मोटरसाईकिल पर सब्जी या अन्य महत्वपूर्ण सामग्री लाकर शहर में बिक्री करने वालों को किस भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है इसका अहसास साफ तौर पर किया जा सकता है। इस लिए राहत को लेकर मट्ठा वितरण कार्यक्रम प्रेरणा शाखा की ओर से चलाया जा रहा है। इस आयोजन में अध्यक्ष साहित सचिव कांता साबू , सदस्य अंचल अग्रवाल ,शकुंतला मंत्री, मंजू शर्मा सहित कई अन्य सदस्यों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



# कफ सिरप के साथ दो युवक गिरफ्तार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला पुलिस ने रविवार को अपराहन तीन बजे प्रतिबंधित नशीली ऑनरेक्स कफ सिरफ के साथ दो युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक आजाद बस्ती निवासी अमजद और सोनू के नाम शामिल है। पुलिस ने इनके पास से एक स्कार्पियों में दो सौ से अधिक प्रतिबंधित आनरेक्स कफ सिरफ बरामद किया है। पुलिस दोनो युवको से पूछताछ कर रही है। अमजद पूर्व में भी नशीली दवा के कारोबार के मामले में जेल जा चुका है। वहीं कुछ महीने पहले ही जेल से निकला था जिसके बाद फिर से नशीले दवाओं का कारोबार शुरू कर दिया। इधर गुमला पुलिस को रविवार को गुप्त सूचना मिली की दो युवक स्कॉर्पियो से भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली दवा लेकर रांची से लेकर गुमला आ रहे हैं जिसके बाद थाना के बबलू बेसरा के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया और सिसई रोड एरोड्रम के पास से स्कॉर्पियो का पीछा कर दोनों युवक को पकड़ा गया। वही भागने के चक्कर में दुर्घटना से इस्कॉर्पियो का अगला शीशा भी टूट गया जिससे सोनू नामक युवक को सिर में चोट लगी। वह दोनों युवकों से पुलिस पूछताछ कर रही है जिसके बाद सोमवार को जेल भेजा जायेगा।

# सुख-दुख में लोगों का हिस्सा बनें कार्यकर्ता : भूषण बाड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** केरसई प्रखंड के ढिंगुरपानी में कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्त्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जेफरेन केरकेट्टा की अगुवाई में आयोजित सम्मेलन में विधायक भूषण बाड़ा, जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, जिप सदस्य जोसिमा खाखा भी उपस्थित थे। विधायक ने कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता हर पीड़ित लोगों की निरंतर सेवा करें। समाजिक रूप से सुख दुख में लगों का हिस्सा बने। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता सेवा को प्राथमिकता दें। सेवा को ही अपने जीवन का मूल मंत्र माने। मौके पर जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, प्रखंड अध्यक्ष जेफरेन केर-केट्टा, जिला उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा, जिला उपाध्यक्ष शिशिर मिंज, जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन, पीसीसी डेलीगेट सह विधायक प्रतिनिधि प्रदीप केशरी, वरीय जिला उपाध्यक्ष जॉन्सन मिंज, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष सीमा सीता, मो. अक्षण, तैरस एक्का, मुखिया सह विधायक प्रतिनिधि मुश खेस, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद, मंडल अध्यक्ष मनोज प्रसाद, पल्ली पुरोहित फादर फेलिक्स कुजूर, फादर आगुस्टिन पीटर, सिस्टर माशेर्ला, आभा बरला, प्रवीण सुरीन, बिनित सुरीन, जेवियर सुरीन, विक्की सुरीन, मार्कुश लकड़ा, एरिक केरकेट्टा, प्रमोद किंडो, माइकल केरकेट्टा, लिनुश डुंगडुंग, प्रिया कुल्लू, संभू प्रसाद, रोशन भौरा, अंतरेंश कुल्लू, प्रवीण बघवार, सिलमेरियस बरला, फ्लोरेंस बरला, रवि बरला, फिरनाथ बड़ाईक, अशोक कोन, अनिमा कोनगाड़ी, अजयदान कुजूर, हर्षित मिंज, कृष्णा मांझी, अगाथा तिर्की, निसित एक्का, पंचायत अध्यक्ष बासेन तिनतुस बड़ा, जस्टिन कुजूर, पंचायत अध्यक्ष बाघडेगा निसित एक्का,पंचायत अध्यक्ष किनकेल प्रकाश कुजूर, प्रकाश कुजूर कृष्णा मांझी केंद कसा, मार्ग्रेट बा, आदि उपस्थित थे।



### पार्टी का हर एक कार्यकर्ता कांग्रेस परिवार का सदस्य है: जोसिमा खाखा

जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि कार्यकर्ता अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने में जुट जाएं। संगठन को मजबूत करने में आप सभी कार्यकर्ताओं का अहम रोल होगा। लोगों को बताएं कि कांग्रेस पार्टी समाज हित मे काम करने वाला पार्टी है। उन्होंने कहा कि पार्टी का हर एक कार्यकर्ता कांग्रेस परिवार का सदस्य है।

# सड़क दुर्घटना में पांच लोग घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** प्रखंड कार्यालय के समीप रांची सिमडेगा मुख्य पथ पर हुई कार दुर्घटना में 5 लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ के भिलाई निवासी प्रभात सिंह (46)पत्नी ममता सिंह (42) बहन दीप्ती सिंह (44) बेटा अंज सिंह (13) एवं बेटी नब्या सिंह (11) एक कार में सवार होकर बोकारो जा रहे थे तभी कार चालक प्रभात सिंह को झपकी आ गई और कार सड़क किनारे स्थित एक पेड़ से जा टकराई टक्कर इतनी जोरदार थी कार का सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया वह इस दुर्घटना में सभी लोग घायल हो गए जिनमें ममता सिंह एवं दीप्ति सिंह को सर पर गंभीर चोट लगी है जिन्हें रेफरल अस्पताल बसिया में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया बताया जाता है की कार की रफ्तार काफी तेज थी जिससे चालक को झपकी लगते ही कार सड़क के कुछ दूर स्थित एक पेड़ से जा टकराई।

